# लीजियोनेयर्स रोग

हाल ही में **अर्जेंटीना** में एक **रहस्यमय निमोनिया** के प्रकोप की पहचान **लीजियोनेयर्स** के रूप में की गई है।

## लीजियोनेयर्स:

- **परिचय:**
  - लीजियोनेयर्स एक **निमोनिया जैसी बीमारी** है जो हल्के बुखार से लेकर गंभीर और कभी-कभी **घातक निमोनिया** के रूप में गंभीरता में, भिन्न होती है।
  - प्रेरक एजेंट पानी या पॉटिंग मिक्सर से लीजियोनेला बैक्टीरिया हैं।
- **लक्षण:**
  - इसमें **बुखार, माँसपेशियों और पेट में दर्द तथा साँस लेने में तकलीफ** शामिल है।
- **प्रसार:**
  - यह रोग आमतौर पर दूषित जल से दूषित एरोसोल के साँस लेने से फैलता है, जो एयर कंडीशनिंग कूलिंग टावर्स, एयर कंडीशनिंग और औद्योगिक कूलिंग से जुड़े वाष्पीकरणीय कंडेनसर, गर्म तथा ठंडे जल की व्यवस्था, ह्यूमिडिफायर और व्हर्लपूल स्पा से बढ़ता है।
- **संवेदनशील जनसंख्या:**
  - जिन लोगों को **उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा, श्वसन संबंधी समस्याएँ, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिज़ीज़ (COPD) जैसी सह-रुग्णताएँ हैं,** या जो धूम्रपान जैसी खराब आदतों का पालन करते हैं, उनमें इस स्थिति का खतरा अधिक होता है।
- **उपचार:**
  - लेकिन वर्तमान में लीजियोनेयर्स रोग के लिये उपचार मौजूद हैं लेकिन कोई टीका उपलब्ध नहीं है।
  - लीजियोनेयर्स रोग के रोगियों को निदान के बाद **हमेशा एंटीबायोटिक उपचार की आवश्यकता होती है।**
  - लीजियोनेलोसिस द्वारा उत्पन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे को सुरक्षा या जल प्रणाली सुरक्षा के निर्माण के लिये ज़िम्मेदार अधिकारियों द्वारा जल सुरक्षा योजनाओं को लागू करके संबोधित किया जा सकता है।

## स्रोत: डाउन टू अर्थ

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/legionellosis-disease